RAISINA BENGALI SCHOOL
CLASS - 3 (हिन्दी)

पाठ - 3 . आम की टोकरी

ध्यानपूर्वक पढें 👉 बच्चों इससे पहले आपने रिमझिम पाठ्यपुस्तक का पाठ - 1 (झूला) पढ़ा था और पाठ - 2 (आम की कहानी) एक चित्र कथा है , जिसे गतिविधि (Activity) के माध्यम से बाद मे पूर्ण कराया जाएगा। आज सभी विद्यार्थी पाठ - 3 (आम की टोकरी) का अध्ययन करेंगे ।

---

3 आम की टोकरी



पाठ परिचय: 'आम की टोकरी' एक कविता है। यह कविता एक छोटी-सी लड़की पर लिखी गई है, जो कि आम बेचती है। वह टोकरी भरकर आम बेचने आई हैं और अपने जैसे बच्चों को बुला-बुलाकर मुफ़्त में आम देती है।

छह साल की छोकरी,
भरकर लाई टोकरी।

टोकरी में आम हैं,
नहीं बताती दाम है।

दिखा-दिखाकर टोकरी,
हमें बुलाती छोकरी।

हमको देती आम है,
नहीं बुलाती नाम है।

नाम नहीं अब पूछना,
हमें आम है चूसना।





गृहकार्य निर्देश- उपरोक्त दी गई कविता को याद कर नीचे दिए गए कार्य को अपनी कॉपी में लिखें तथा याद करें।

शब्दार्थ

छोकरी लड़की दाम कीमत

पाठ पर आधारित प्रश्न

1. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो–

(क) दिखा–दिखाकर ....,
हमें ....।
हमको ....,
नहीं ....।

2. सही (✓) अथवा गलत (✗) का चिह्न लगाओ–

(क) टोकरी में खरबूज़े थे। ☐
(ख) लड़की छह साल की थी। ☐
(ग) लड़की बच्चों को नाम से बुला रही थी। ☐
(घ) लड़की बच्चों को आम देती है। ☐
(ङ) लड़की ने एक–एक आम पाँच रुपए का दिया। ☐

3. प्रश्न और उनके उत्तर -

(क) छोकरी कितने साल की थी ?
उत्तर - छोकरी छह साल की थी ।

(ख) लड़की टोकरी में क्या भरकर लाई थी ?
उत्तर - लड़की टोकरी में आम भरकर लाई थी।

(ग) लड़की बच्चों को क्या दिखाकर बुला रही थी ?
उत्तर - लड़की बच्चों को आम की टोकरी दिखाकर बुला रही थी।

(घ) लड़की बच्चों को क्या देती थी ?
उत्तर - लड़की बच्चों को आम देती थी।

(ङ) बच्चे क्या करना चाहते थे ?
उत्तर - बच्चे आम चूसना चाहते थे ।

4. नीचे लिखे शब्दों के एक-एक तुकांत शब्द लिखो–

(क) साल – .... | (ख) आम – ....

(ग) टोकरी – .... | (घ) लाई – ....

उत्तर कुंजी :-

2. > (क) ✗
(ख) ✓
(ग) ✗
(घ) ✓
(ङ) ✗

4. > (क) बाल
(ख) दाम
(ग) छोकरी
(घ) आई